आई आई एफ सी एल
I I F C L

# आईआईएफसीएल के प्रबंध निदेशक ने माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री से की भेंट

इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (IIFCL) के प्रबंध निदेशक श्री पलाश श्रीवास्तव ने आज संसद भवन में माननीय केंद्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण से शिष्टाचार मुलाकात की।

इस अवसर पर उन्होंने आईआईएफसीएल की उपलब्धियों और साख का उल्लेख करते हुए बताया कि संस्था किस प्रकार सतत और नवोन्मेषी वित्तीय समाधान के माध्यम से अवसंरचना विकास को आगे बढ़ा रही है, जो माननीय वित्त मंत्री द्वारा समय-समय पर केंद्रीय बजट में व्यक्त विकासात्मक लक्ष्यों के अनुरूप हैं।

वित्त मंत्रालय के अंतर्गत एक प्रमुख संस्था के रूप में आईआईएफसीएल, भारत सरकार की सुदृढ़, समावेशी और भविष्य-उन्मुख अवसंरचना दृष्टि के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसी दृष्टिकोण से प्रेरित होकर आईआईएफसीएल देश के दीर्घकालिक विकास लक्ष्यों का समर्थन करने हेतु एक सक्षम और सुदृढ़ अवसंरचना वित्तपोषण ढांचा विकसित करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहेगा।

